# बिहार–सरकार

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
## लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, जहानाबाद

### अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–07/Tubewell/JNBD/2026–27

**[केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर]**

1.कार्य की विवरणी :–

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि ( रूपये में) | परिमाण विपत्र मूल्य रूपये में | बेलट्रॉन के प्रोसेसिंग फीस + अन्य कर (अप्रत्यर्पणीय रूप में) | कार्य समाप्ति की अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, जहानाबाद अंतर्गत विभिन्न स्थलों पर IM –II चापाकल का निर्माण प्लेटफार्म, नाली एवं चापाकल के पास सोख्ता (Soak Pit) निर्माण सहित:<br>Construction of 125mm X 40mm X 61m deep I.M-II hand Pump with platform, drain and soak pit etc all Complete. 10 Nos.<br>Construction of 125mm dia. X 45m deep GPT I.M-II hand Pump with platform, drain and soak pit etc all Complete. 10 Nos. | 1826700/- | 36600/- | 5000/- | 590/- | 02 माह |

2.विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, जहानाबाद।

3. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि : दिनांक 01.06.2026

4. निविदा कागजात डाउनलोड करन की तिथि: 08.06.2026 से 11.06.2026 को 5.00बजे अपराहन् तक। (सिर्फ वेबसाईटwww.eproc2.bihar.gov.in पर)

5. निविदा अपलोड करने की तिथि एवं समय: दिनांक 12.06.2026 को 3.00बजे अपराहन् तक। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)

6. निविदा (तकनीकी वीड) खोलने की तिथि : एवं समय दिनांक 12.06.2026 को 5.00 बजे अपराहन् । (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)

7. निविदा की वैद्यता की तिथि : निविदा खोलने की तिथिसे 120 दिनों तक।

8. निविदा में भाग लेने हेतु संवेदकों को समूचित श्रेणी में निबंधित होना अनिवार्य है।

9. संवेदक परिमाण विपत्र सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in से प्राप्त करने के उपरान्त वेबसाईट पर ही इलेक्ट्रानिक निविदापत्र को भरकर भेज सकते हैं। अन्य सभी महत्वपूर्ण कागजात यथा अग्रधन की राशि/ अन्य सभी प्रमाण पत्र, जो निविदा के लिए आवश्यक है, को स्कैन कर ई–निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

10. परिमाण विपत्र का मूल्य (अन्य फीस के साथ, जो लौटाया नहीं जायेगा) निविदा के साथ Online जमा करना होगा अन्यथा निविदा मान्य नहीं होगा।

11. वैसे संवेदक जिनके लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, **पटना प्रक्षेत्र, पटना के अधीन कार्य बकाया है**, एवं जिनकी समय सीमा समाप्त हो चुकी है, तकनीकी वीड में अयोग्य माने जायेंगे। निविदा में शामिल होने वाले सभी संवेदकों को **अनिवार्य** रूप से शपथ पत्र संलग्न करना होगा कि उनके जिम्मे प्रक्षेत्र (लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, पटना प्रक्षेत्र, पटना) स्तर पर कोई कार्य लंबित नहीं है। गलत शपथ पत्र दिये जाने पर कानूनी कार्रवाई करते हुए अग्रधन की राशि राज्यसात कर ली जायेगी।



HL

Scanned with OKEN Scanner

12. निविदा के समय संवेदकों को इस आशय का शपथ पत्र देना होगा कि वे किसी विभाग द्वारा निविदा से Debar नहीं किये गये हैं एवं उनका कोई कार्य " Rescind " नही हुआ है। यह शर्त निविदा निष्पादन की तिथि तक मान्य होगा।

13. वैसे संवेदक जिनका कोई भी संबंधी प्रमंडलीय लेखापाल या कनीय अभियंता से अन्यूनपंवित के पदाधिकारी के रूप में अंचल अन्तर्गत कार्यरत हैं, निविदा में भाग नहीं ले सकेंगे।

14 सफल निविदाकार को लोक निर्माण संहिता में निर्धारित समय अवधि के अंदर एकरारनामा सम्पन्न कर कार्य प्रारंभ कर देना होगा। इससे भिन्न स्थिति में उनकी निविदा रद्द कर अग्रधन की राशि जब्त करने की कार्रवाई , बिना किसी पृच्छा के प्रारंभ कर दी जायेगी।

15. निविदा में सफल होने एवं कार्य आवंटन होने के पश्चात् समय सीमा के अन्दर कार्य करने में असमर्थता व्यक्त की जाती है, तो निविदा के साथ जमा अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी एवं पुनर्निविदा की स्थिति में उन्हें निविदा में भाग नहीं लेने दिया जायेगा।

16. सफल निविदाकारों को एकरारनामा के पूर्व विज्ञापित कार्यअनुरूप आवश्यक श्रम संबंधी अनुज्ञप्ति भवन एवं अन्य सनिर्माण कर्मकार (नियोजन एवं सेवा शर्त विनियम) अधिनियम 1996 अन्तर्गत पंजीकरण आदि जमा करना होगा।

17. निर्माण श्रमिकों के कल्याणार्थ कुल निर्माण लागत का एक प्रतिशत (1%) उपकर की कटौती संवेदक के विपत्र से की जायेगी।

18. अग्रधन की राशि निविदा के साथ Online जमा करना होगा।

19. किसी प्रकार का शुद्धि पत्र को वेबसाईट **www.eproc2.bihar.gov.in** पर प्रकाशित किया जायेगा।

20. निविदादाता, निविदा में पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना ज्ञापांक–4439 (S), दिनांक–17.07.2023 के आलोक में निविदित दर उद्धत कर सकेगें। यदि निविदित दर कम कर उद्धत करेंगे, तो उक्त असंतुलित दर के लिए संवेदक अतिरिक्त Perormance guaranty एकरारनामा के समय जमा करना अनिवार्य होगा।

Deposit of additional performance guarantee for serious unbalanced rate :-

The tenderer quoting serious unbalanced rate will have to furnish the rate analysis of the work along with the reason as how the work will be finished in the stipulated time frame and they will have to deposi additional performance guarantee money at the time of agreement as per previling fule for example :-.
If 0 to 5% less than the BOQ rate additional performance guarnatee will be @ 0.25% for every 1% less rate.
If 5 to 15% less than BOQ rate additional performance guarantee will be @ 0.5% for every 1% less rate.
If 15 to 20% less than BOQ rate additional performance guarantee will be @ 1% for every 1% less rate.
If 20% and above less than BOQ rate additional performance guarantee will be @ 2% for every 1% less rate.

21. कार्य की प्राक्कलित राशि, अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र के मूल्य में परिवर्तन हो सकता है। परिमाण विपत्र के अनुरूप अग्रधन की राशि मान्य होगा। शेष राशि एकरारनामा के समय जमा करना अनिवार्य होगा।

22. कार्य से संबंधित सभी प्रकार के यंत्र–संयत्र एवं गुण नियंत्रण के आवश्यक उपकरण के स्वामित्व/लीज/शपथ पत्र से संबंधित कागजात संलग्न किया जाना अनिवार्य है।

23. निविदा डालने से पूर्व सभी निविदादाता कार्य स्थल का निरीक्षण कर संतुष्ट हो लेंगे, बाद में किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

24. बिना कारण बताये निविदा को अस्वीकृत करने/रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/विभाग को सुरक्षित है।

25. संवेदक " Scan" कर कागजातों को "Upload" करने पूर्व सूचीबद्ध करते हुए क्रमांक अंकित करेंगे, ताकि किसी खास कागजात को क्रम संख्या/पृष्ठ संख्या के आधार पर शीघ्र खोजा जा सके। सभी Documents PDF, MS Office (Compatibility mode), JPEG, ZIP format में हीं Upload किया जाय, अन्य format में Uploaded documents के Download/Open नहीं होने पर कोई दावा मान्य नहीं होगा।



Scanned with OKEN Scanner

26. इंटरनेट सेवा में किसी प्रकार की त्रुटि होने के संबंध में संवेदक का कोई दावा मान्य नहीं होगा। अतः संवेदकों को सलाह दी जाती है कि अंतिम समय से पूर्व ही वीड को Upload कर लें।

27.विभाग से संबंधित सूचना/शिकायत के लिए हेल्प लाईन 18003456161 का उपयोग किया जा सकता है। ई0–टेन्डरिंग की प्रक्रिया से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी/सूचना हेतु ई0–प्रौक्यूरमेंट हेल्पडेस्क, पहला मंजिल, एम/22, बैंक ऑफ इंडिया बिल्डिंग, रोड न0– 25, श्री कृष्णा नगर, पटना– 800001 से संपर्क किया जा सकता है, दूरभाष संख्या 0612–2523006/9939035696 पर हीं हेल्प डेस्क से संपर्क किया जा सकता है।

28.संवेदक को अनिवार्य रूप से निर्माण कराये गये चापाकलों के जल की गुणवत्ता की जाँच जिला जलजाँच प्रयोगशाला में कराने, प्लेटफार्म/ नाली के निर्माण एवं निर्मित चापाकलों से पानी गिरते हुए ली गई फोटोग्राफ्स तथा निर्माण किये गये सोख्ता का Geotagging कराकर फोटोग्राफस सहित, कार्यालय में समर्पित करने के उपरान्त ही भुगतान हेतु अग्रत्तर कारवाई की जायेगी।

29. यह निविदा आमंत्रण सूचना एकरारनामा का हिस्सा होगा।

Sd/- 01/06/25

कार्यपालक अभियंता,
लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल,जहानाबाद।



Scanned with OKEN Scanner